नवाचार | आरपीएससी ने शुरू किया वन टाइम रजिस्ट्रेशन, परीक्षा फॉर्म में एकबार ही भरनी होंगी सूचनाएं

# खुशखबर : अब यूनिक आइडी से भर जाएगा फॉर्म

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अजमेर**. राज्य में विभिन्न भर्तियों के लिए आवेदन करने वाले लाखों अभ्यर्थियों को राजस्थान लोक सेवा आयोग के भर्ती आवेदनों में बार-बार सूचनाएं भरने की जरूरत नहीं होगी। सोमवार को आयोग की वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रणाली शुरू हो गई। इसके तहत अभ्यर्थियों को यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर (आइडी) मिलेगा। इस नंबर से फॉर्म में उनकी सारी सूचनाएं ऑटोमेटिक भर जाएंगी। वे केवल वांछित शुल्क देकर परीक्षा में बैठ सकेंगे। कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. शिव सिंह राठौड़ ने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधार्थ वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रोसेस की शुरुआत की गई है। अभ्यर्थियों और आयोग को ऑनलाइन फॉर्म में नाम, माता-पिता का नाम, गृह जिला, कैटेगिरी और अन्य सूचनाएं भरने-जांचने में परेशानी होती थी। कई बार गलतियां सुधारने के कारण आवेदक एक से ज्यादा फॉर्म भरते थे। अब इन समस्याओं से उन्हें छुटकारा मिलेगा।



## दो समान प्रोफाइल हुए तो सत्यापन

आइटी विभाग के अतिरिक्त निदेशक अखिलेश मित्तल ने बताया कि वन टाइम रजिस्ट्रेशन में किसी अभ्यर्थी के समान प्रोफाइल प्रदर्शित होने पर उसे नियमानुसार फॉर्म भरने दिया जाएगा। लेकिन बाद में आयोग फॉर्म का सत्यापन करेगा।

## यों कर सकेंगे वन टाइम रजिस्ट्रेशन

- अभ्यर्थियों को एसएसओ आइडी पर लॉगिन कर जाना होगा स्टेट रिक्रूटमेंट पोर्टल पर।
- पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन लिंक को करना होगा क्लिक।
- नाम, जन्म तिथि, माता-पिता का नाम, जैंडर, मोबाइल नंबर करने होंगे अपलोड।
- फोटो पहचान पत्र (पेन, वोटर आइडी, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस या अन्य) करना होगा अपलोड
- फॉर्म में भरी गई सूचनाओं की पुष्टि करेगा अभ्यर्थी।
- सेकंडरी/समकक्ष परीक्षा का रोल नंबर, परीक्षा वर्ष और बोर्ड के इंद्राज के साथ सर्टिफिकेट करना होगा अपलोड
- मोबाइल पर आने वाले ओटीपी के माध्यम से होगा सत्यापन
- सत्यापन प्रक्रिया सफल होने के बाद जनरेट होगा यूनिक वन टाइम रजिस्ट्रेशन

**वन टाइम वेरीफिकेशन जल्द :** आयोग जल्द वन टाइम वेरिफिकेशन सुविधा भी शुरू करेगा। इसे ई-वॉलेट से जोड़ा जाएगा। अभ्यर्थी वन टाइम वेरिफिकेशन की तरह एक बार ही शैक्षिक मार्कशीट, सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेज अपलोड करेंगे।

राजस्थान पत्रिका, पे. नं.-02, 11.01.2022

FB
Needs to be publicized